दिन– गुरूवार | दिनांक– 21 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – राज्य में हर हाल में सुशासन कायम रहेगा।

02. मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही को तत्काल प्रभाव से हटाया गया। डॉक्टर दिलीप कुमार केसरी बने प्रभारी कुलपति।

03. भोजपुर–बक्सर प्राधिकार सीट से नवनिर्वाचित पार्षद सोनू कुमार राय ने विधान परिषद की सदस्यता की शपथ ली।

04. और, काल बैसाखी के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में आंधी–बारिश और वज्रपात से तीन लोगों की मौत। दक्षिणी भागों में जारी है भीषण गर्मी का प्रकोप।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य में हर हाल में सुशासन कायम रहेगा। श्री चौधरी ने पटना में पुलिसकर्मियों के परिवारों को बीमा राशि का चेक सौंपने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों से कहा कि आप ड्यूटी कीजिए, आपके परिवार की चिंता सरकार करेगी।

––साउंड बाइट––

श्री चौधरी ने कहा कि राज्य की समृद्धि के लिए उद्योगों का विकास जरूरी है। उन्होंने कहा कि बिहार में बड़े पैमाने पर निवेश हो, इसके लिए कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर होनी चाहिए।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज श्रावणी मेला और बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित बैठक में अधिकारियों को बाढ़ राहत और बचाव कार्य की तैयारियों को तेज गति से पूरा करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए भी व्यापक प्रबंध किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव समेत कई विभागों के मंत्री भी मौजूद थे।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि प्रदेश में अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई की जा रही है। श्री चौधरी ने पटना स्थित जदयू कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए विपक्ष के एक खास जाति को टारगेट बनाने के बयान को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों की जाति नहीं देखी जाती है।

––साउंड बाइट––

---

मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। लोक भवन ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉक्टर दिलीप कुमार केसरी को नये कुलपति के स्थाई नियुक्ति होने तक कुलपति का प्रभार सौंपा गया है। हमारे गया संवाददाता ने बताया कि प्रोफेसर दिलीप कुमार केसरी ने आज कार्यवाहक कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विनोद कुमार मंगलम् सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

---

लोकभवन ने राज्य के छह विश्वविद्यालयों – ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय– मधेपुरा, बी. आर. आम्बेडकर, बिहार विश्वविद्यालय–मुजफ्फरपुर, आर्यभट्ट विश्वविद्यालय और जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय– छपरा में कुलपति की नियुक्ति के लिए बीस जून तक आवेदन मांगे हैं।

---

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने टीआरई–फोर शिक्षक अभ्यर्थियों के आंदोलन का समर्थन किया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री यादव ने कहा कि अभ्यर्थी तैयारी कर रहे हैं, लेकिन परीक्षा नहीं ली जा रही है। उन्होंने राज्य सरकार पर शिक्षक अभ्यर्थियों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाया।

––साउंड बाइट––

---

विधान परिषद की भोजपुर–बक्सर प्राधिकार सीट के लिए हाल ही में संपन्न उपचुनाव में राजद के नवनिर्वाचित पार्षद सोनू कुमार राय ने आज सदन की सदस्यता की शपथ ली। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में आर्थिक अपराध इकाई–ईओयू का विशेष सेल गठित किया गया है। विभागीय मंत्री दिलीप जायसवाल ने बताया कि यह सेल विभाग में व्यवस्था सुधार और भ्रष्टाचार पर निगरानी रखेगा। उन्होंने कहा कि लगातार मिल रही अवैध वसूली की शिकायत, राजस्व कार्यों में अनियमितता और भ्रष्टाचार के अन्य मामलों को देखते हुए सेल के गठन का निर्णय लिया गया है। आर्थिक अपराध इकाई ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में विशेष टीम की प्रतिनियुक्ति कर दी है।

---

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से सिविल सेवा और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अत्यंत पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। विभाग की ओर से बताया गया है कि सिविल सेवा और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर तीस हजार रुपये से एक लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। राज्य के अधिसूचित अत्यंत पिछड़ा वर्ग के स्थाई निवासी योजना का लाभ उठा सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रारंभिक परीक्षा के विज्ञापन प्रकाशित होने के पैंतालीस दिनों के अंदर इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

---

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि राज्य सरकार मठ, मंदिरों और अन्य धार्मिक संस्थानों की जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराएगी। श्री जायसवाल ने पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इसकी रूप रेखा तय करने के लिए धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्यों और विभिन्न विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी।

––साउंड बाइट––

---

काल बैशाखी के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में आंधी–बारिश की परिस्थितियां बनी हुई है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान खगड़िया, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल, सीतामढ़ी, मधुबनी, अररिया, किशनगंज, कटिहार समेत राज्य के उत्तरी भागों में अधिकांश स्थानों पर आंधी– बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है।

––साउंड बाइट––

---

आंधी–बारिश और वज्रपात की घटना में राज्य के अलग–अलग भागों में तीन लोगों की मौत की खबर है। मधेपुरा के बिहारीगंज में वज्रपात की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गयी, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर, सहरसा जिले के पतरघट प्रखंड में वज्रपात की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गयी और चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के दौरान गया और नवादा जिले में आंधी– बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है।

---

इधर, दक्षिण बिहार के अधिकतर भागों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान अरवल, भोजपुर और रोहतास समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में कई स्थानों पर लू चलने की संभावना जताई है।

––साउंड बाइट––

---

बेगूसराय जिला प्रशासन ने अत्यधिक गर्मी के मद्देनजर आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूलों और आंगबाड़ी केंद्रों में सुबह ग्यारह बजे के बाद पठन–पाठन पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। यह आदेश पच्चीस मई तक लागू रहेगा।

---

देश आज पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। इस दिन वर्ष उन्नीस सौ इक्यानवे में पूर्व प्रधानमंत्री आतंकवादियों के षड्यंत्र का शिकार हुए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की है। पटना स्थित कांग्रेस समुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आज का दिन देशभर में आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में भी मनाया जा रहा है।

---

आज अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन द्वारा मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है दृ चाय की उपयोगिता को बनाए रखना, समुदायों का समर्थन करना। इस दिवस का उद्देश्य मेहनती चाय श्रमिकों को उनका हक दिलाना और उनके जीवन को बेहतर बनाना है। एक रिपोर्ट–

––रिपोर्ट––

आज 'अंतर्राष्ट्रीयचाय दिवस' है। भारत के हर घर की रसोई से लेकर नुक्कड़ की टपरी तक चाय हमारी रगदृरग में बसती है। तभी तो किसी शायर ने क्या खूब लिखा है–"तमाम शिकवेदृगिले भुला देती है, ये चाय है जनाब, मुर्दों को भी जगा देती है। रिश्तों में जब भी थोड़ी कड़वाहट आने लगे, बस एक कप चाय३ महफ़िलें जमा देती है! "चाहे वो सिरदर्द को मिनटों में गायब करने वाली कड़क मसाला चाय होदृ या फिर आज के फिटनेस फ्रीक युवाओं की पहली पसंद, एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर ज़ायकेदार ग्रीनदृटी! असम के हरेदृभरे मैदानों से लेकर दार्जिलिंग और नीलगिरी की खूबसूरत पहाड़ियों तक३ लाखों चाय श्रमिक दिनदृरात कड़ी धूप और बारिश में पसीना बहाते हैं। तब जाकर चाय की ये पत्तियाँ हमारी रसोई तक पहुँचती हैं। संस्कार की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मीनाक्षी।

---

शेखपुरा की स्थानीय अदालत ने हत्या के एक मामले में दोषी छह भाइयों को शस्त्र अधिनियम के तहत सात–सात साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

---

कैमूर जिला मुख्यालय, भभुआ के चकबंदी रोड में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय शुरू हो गया है। जिलाधिकारी नितिन कुमार सिंह ने आज इसका उद्‌घाटन किया।

---

मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर प्रखंड अंतर्गत गंगटा पंचायत के सोनरवा गांव में ग्रामीणों ने नल–जल योजना बंद होने के विरूद्ध विरोध प्रदर्शन किया। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अधिकारी ने बताया कि सोलर पैनल में गड़बड़ी के कारण समस्या हुई है। इसे जल्द ठीक कर लिया जाएगा।

---

सहरसा जिले के सौर बाजार प्रखंड क्षेत्र में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी सुजीत कुमार बरवाल के नेतृत्व में आयोजित अभियान के दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

---

सुपौल जिले के वीरपुर में शैलशपुर चौकी के पास एसएसबी जवानों ने एक नेपाली महिला के पास से हिरण का सींग बरामद किया है। आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

---

अररिया जिले के पलासी प्रखंड के पांच पंचायतों में आज जनजातीय गरिमा उत्सव के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनुसूचित जाति, जनजाति समुदाय के लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी और विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी।

---

नवादा जिले के गोविंदपुर स्थित ककोलत जलप्रपात में प्रवेश और पार्किंग शुल्क को दस गुना तक बढ़ा दिया गया है। जिला प्रशासन ने कहा है कि पर्यटकों की संख्या को नियंत्रित करने, उनकी सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए यह बढ़ोतरी की गयी है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – राज्य में हर हाल में सुशासन कायम रहेगा।

02. मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही को तत्काल प्रभाव से हटाया गया। डॉक्टर दिलीप कुमार केसरी बने प्रभारी कुलपति।

03. भोजपुर–बक्सर प्राधिकार सीट से नवनिर्वाचित पार्षद सोनू कुमार राय ने विधान परिषद की सदस्यता की शपथ ली।

04. और, काल बैसाखी के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में आंधी–बारिश और वज्रपात से तीन लोगों की मौत। दक्षिणी भागों में जारी है भीषण गर्मी का प्रकोप।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।